**Patrika (Indore), 12th May 2021, Page-6**

# आइआइटी इंदौर को मिले दो पेटेंट

**इंदौर @ पत्रिका.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर को अद्वितीय आविष्कारों के लिए भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा 2 पेटेंट ग्रांट किए हैं। कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के फैकल्टी डॉ. अनिर्बन सेनगुप्ता द्वारा 'पेटेंट स्पेस एक्सप्लोरेशन सिस्टम' और 'बैक्टीरियल फोर्जिंग ऑप्टिमाइजेशन मैकेनिज्म का उपयोग करने की विधि' के लिए एक पेटेंट ग्रांट किया है। यह कैमरा सिस्टम और मोबाइल उपकरणों के डिजिटल चिप्स को डिजाइन करने के लिए उपयोगी है। यह चिप्स की गति को बढ़ाने और जैविक केमोटैक्सिस और उन्मूलन-फैलाव प्रक्रिया का उपयोग करके शक्ति को कम करने में सक्षम है।

दूसरा पेटेंट बायोसाइंस और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. अविनाश सोनावणे को रक्त कैंसर के उपचार के लिए ऐस्परैजाइनेस ड्रग के विकास के लिए लिए दिया है। यह एक नई ऐस्पैरजाइनेस (एम-एएसपीएआर) दवा है जो प्रोटीन इंजीनियरिंग दृष्टिकोण से रक्त कैंसर तीव्र लिम्फोसाइटिक ल्यूकेमिया का इलाज करने के लिए उपयोगी है।